<u>संदेश</u>

क्रिसमस के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों, विशेषकर ईसाई भाईयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव पर मनाया जाने वाला क्रिसमस का त्योहार प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। यह उत्सव लोगों को एकता और शांति से रहने की प्रेरणा देता है। विश्व कल्याण और बंधुत्व का उनका संदेश सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। यह पर्व मानवता के कल्याण के लिए दिए गए उनके बलिदान को भी याद करने का अवसर है।

आइए, हम आपसी विश्वास, क्षमा, और भाईचारे के सार्वभौमिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लें और समाज तथा देश के विकास में सक्रिय योगदान दें।

****